# भाग – IV /PART – IV

## हिन्दी / HINDI

91. 'जूझ' उपन्यास किस शैली में लिखा गया है ?
(1) पत्रात्मक शैली में
(2) आत्मकथात्मक शैली में
(3) निबन्धात्मक शैली में
(4) व्यंगात्मक शैली में

92. रामनरेश त्रिपाठी किस युग के कवि हैं ?
(1) छायावादी युग के
(2) छायावादोत्तर युग के
(3) छायावादपूर्व युग के
(4) प्रगतिवादी युग के

93. 'यद्यपि' का संधि विच्छेद है
(1) यद्य + पि (2) य + द्यपि
(3) यद्यो + अपि (4) यदि + अपि

94. निम्न में से कौन-सी कृति विद्यासागर नौटियाल की है ?
(1) भोर का तारा (2) इतने पास अपने
(3) बिछड़ों का झुंड (4) सूरज सबका है

95. निम्न में से किसने 'सरस्वती' का संपादन किया था ?
(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने
(2) शिवपूजन सहाय ने
(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(4) प्रेमचन्द ने

96. सुमित्रा नन्दन पंत ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?
(1) हंस (2) प्रतीक
(3) रूपाम (4) चाँद

97. 'सांवले सपनों की याद' किस विधा की रचना है ?
(1) डायरी (2) संस्मरण
(3) आत्मकथा (4) रिपोर्ताज

98. अज्ञेय कृत 'अरे यायावर रहेगा याद' किस विधा की रचना है ?
(1) कविता (2) कहानी
(3) निबन्ध (4) यात्रा वृत्तान्त

99. हिन्दी की पहली आत्मकथा मानी जाती है
(1) अर्द्ध कथानक (2) मेरी जीवन यात्रा
(3) मेरी आत्मकथा (4) यादों के साये

100. निम्न में से कौन-सा तत्पुरुष समास है ?
(1) सप्तशती (2) जीवन-मरण
(3) आमरण (4) पतित पावन

101. भारत विभाजन की त्रासदी पर यशपाल ने कौन-सा उपन्यास लिखा है ?
(1) बंटवारा (2) झूठा सच
(3) आधा गांव (4) इनमें से कोई नहीं

102. निम्न में से कौन-सा शब्द 'मंजुल' का पर्यायवाची है ?
(1) हेम (2) छवि
(3) सुन्दर (4) नर

103. रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून।।
इस दोहे में कौन-सा अलंकार है ?
(1) श्लेष (2) रूपक
(3) उपमा (4) उत्प्रेक्षा

104. निम्न में से कौन-सा कवि भक्तिकाल का कवि ***नहीं*** है ?
(1) कबीर (2) तुलसीदास
(3) सूरदास (4) बिहारी

105. भारत में टेलीविजन की शुरूआत हुई थी
(1) 15 दिसम्बर, 1951 से
(2) 26 जनवरी, 1961 से
(3) 30 नवम्बर, 1955 से
(4) 15 सितम्बर, 1959 से

**106.** देव किस काल के कवि हैं ?

(1) भक्तिकाल (2) आदिकाल
(3) आधुनिककाल (4) रीतिकाल

**107.** सूरदास निम्न में से किसके शिष्य थे ?

(1) स्वामी मध्वाचार्य
(2) महाप्रभु वल्लभाचार्य
(3) रामानुजाचार्य
(4) रामकृपाचार्य

**108.** 'हालावादी' दर्शन से सम्बंधित कवि माने जाते हैं

(1) शमशेर बहादुर सिंह
(2) नरेन्द्र शर्मा
(3) हरिवंश राय बच्चन
(4) रामधारी सिंह दिनकर

**109.** निम्न में से कौन-सा काव्य संग्रह राजेश जोशी का है ?

(1) कुआनो नदी
(2) आत्महत्या के विरुद्ध
(3) दो पंक्तियों के मध्य
(4) इतनी पत्थर रोशनी

**110.** व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाकर चलने वाले मीडिया को कहा जाता है

(1) सरकारी मीडिया
(2) मुख्य धारा का मीडिया
(3) वाचडाग मीडिया
(4) वैकल्पिक मीडिया

**111.** निम्न में से कौन-सी रचना शमशेर बहादुर सिंह की है ?

(1) काल तुझसे होड़ है मेरी
(2) भूरी-भूरी खाक धूल
(3) आत्महत्या के विरुद्ध
(4) खूँटियों पर टंगे लोग

**112.** 'जलद' का पर्यायवाची शब्द है

(1) वसंत (2) नाव
(3) वारिद (4) उपवन

**113.** रघुवीर सहाय किस सप्तक के कवि हैं ?

(1) पहला सप्तक (2) दूसरा सप्तक
(3) तीसरा सप्तक (4) चौथा सप्तक

**114.** 'लद्दाख यात्रा की डायरी' के लेखक हैं

(1) डॉ० रघुवंश
(2) रामवृक्ष बेनीपुरी
(3) कर्नल सज्जन सिंह
(4) कर्नल प्रेमजीत सिंह

**115.** 'वाख' का सम्बन्ध निम्न में से किस कवि से है ?

(1) कबीर (2) बिहारी
(3) रसखान (4) ललद्यद

**116.** 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास के लेखक हैं

(1) मोहनराकेश (2) राजेन्द्र यादव
(3) अमरकांत (4) धर्मवीर भारती

**117.** चपला देवी किस युग की लेखिका थीं ?

(1) छायावादी युग (2) भारतेंदु युग
(3) छायावादोत्तर युग (4) द्विवेदी युग

**118.** 'उत्कर्ष' का विलोम शब्द है

(1) पतन (2) अपकर्ष
(3) उपकर्ष (4) खोना

**119.** नागार्जुन ने हिन्दी के अलावा किस भाषा में कविता लिखी है ?

(1) ब्रज (2) भोजपुरी
(3) मैथिली (4) बांग्ला

**120.** 'मेरे सीने में नहीं तेरे सीने में सही हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।'

उक्त पंक्तियों के लेखक हैं

(1) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(2) वीरेन्द्र मिश्र
(3) धर्मवीर भारती
(4) दुष्यन्त कुमार

mpcareer.in

**121.** 'शिरीष के फूल' निबंध के लेखक हैं

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) रामचन्द्र शुक्ल

(4) बाबू गुलाब राय

**122.** मीरा के गुरु माने जाते हैं

(1) रैदास (2) सूरदास

(3) कबीर (4) दादू दयाल

**123.** 'संचार अनुभवों की साझेदारी है' यह किसने कहा है ?

(1) मार्शल मैकलुहान

(2) मार्शल हार्सफील्ड

(3) विल्बर श्रैम

(4) जॉन वुड

**124.** 'घुमक्कड़ शास्त्र' के लेखक हैं

(1) कृष्ण नाथ (2) राहुल सांकृत्यायन

(3) प्रेमचन्द (4) यशपाल

**125.** 'छाती पर मूंग दलना' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) घबरा जाना (2) बहुत परेशान करना

(3) बकबक करना (4) बेगार कराना

**126.** 'मसि कागद छुयो नहिं, कलम गहि नहिं हाथ' पंक्ति किसने लिखी है ?

(1) कबीर ने (2) सूरदास ने

(3) रैदास ने (4) मीरा ने

**127.** निम्न में से कौन-सा कथाकार आंचलिक कथाकार के रूप में प्रसिद्ध है ?

(1) राजेन्द्र यादव (2) फणीश्वरनाथ रेणु

(3) निर्मल वर्मा (4) कमलेश्वर

**128.** सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ने 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' किसको कहा है ?

(1) फादर कामिल बुल्के को

(2) फादर फिलीप्स को

(3) राममनोहर लोहिया को

(4) शिवमंगल सिंह 'सुमन' को

**129.** निम्न में से सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कृति है

(1) झरना (2) अनामिका

(3) यामा (4) युगांत

**130.** हिन्दी का पहला उपन्यास माना जाता है

(1) चन्द्रकांता संतति (2) गोदान

(3) परीक्षा गुरु (4) सौ अजान एक सुजान

**131.** 'पहाड़ पर लालटेन' के लेखक हैं

(1) वीरेन डंगवाल (2) ऋतुराज

(3) मंगलेश डबराल (4) लीलाधर जगूड़ी

**132.** निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव है ?

(1) तौलिया (2) भाग्य

(3) करुणा (4) कुसुम

**133.** निकटवर्ती दो स्वरों के मिलने से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे कहते हैं

(1) स्वर सन्धि (2) व्यंजन सन्धि

(3) विसर्ग सन्धि (4) अपवाद सन्धि

**134.** 'धिक जीवन जो। पाता ही आया विरोध' इस पंक्ति के लेखक हैं

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) सुमित्रानंदन पंत

(3) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(4) हरिवंश राय बच्चन

135. निम्न में से कौन-सी रचना निर्मला पुतुल की है ?
(1) घर के बाहर
(2) अपने घर की तलाश में
(3) घरे-बाहरे
(4) घर के अंदर बाहर

136. 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई है ?
(1) हिंदी (2) ब्रज
(3) अवधी (4) भोजपुरी

137. 'अधिष्ठाता' में उपसर्ग है
(1) अति (2) अ
(3) आ (4) अधि

138. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन का पहला प्रयास किया था
(1) रामचन्द्र शुक्ल ने (2) गार्सा-द-तासी ने
(3) जार्ज ग्रियर्सन ने (4) मिश्र बन्धुओं ने

139. निम्न में से किसका सम्बन्ध 'वसुधा' पत्रिका से है ?
(1) हरिशंकर परसाई (2) प्रेमचन्द
(3) यशपाल (4) जैनेन्द्र

140. 'पातालपानी' कहा जाता है
(1) नदियों में बहने वाले पानी को
(2) नहरों में बहने वाले पानी को
(3) कुओं से निकाले जाने वाले भू-जल को
(4) सूखे तालाब के नीचे के भू-जल को

141. मनोहर श्याम जोशी ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?
(1) धर्मयुग (2) साप्ताहिक हिन्दुस्तान
(3) हंस (4) प्रतीक

142. 'प्राचीन' का विलोम शब्द होगा
(1) अर्वाचीन (2) नया
(3) आधुनिक (4) पुराना

143. 'भाई-बहिन' में कौन-सा समास है ?
(1) द्विगु समास (2) द्वन्द्व समास
(3) तत्पुरुष समास (4) बहुव्रीहि समास

144. 'आलो-आंधारी' मूलतः किस भाषा में लिखी गई है ?
(1) गुजराती में (2) बांग्ला में
(3) तेलुगु में (4) हिन्दी में

145. फिराक गोरखपुरी का मूल नाम क्या है ?
(1) रघुपति सहाय 'फिराक'
(2) रघुपति फिराक गोरखपुरी
(3) रघुपति फिराक सहाय
(4) फिराक सहाय

146. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि ने किस बात पर चिंता व्यक्त की है ?
(1) बच्चों के काम से जी चुराने पर
(2) बच्चों के मेहनत करने पर
(3) बच्चों का बचपन छिनजाने पर
(4) बच्चों के बाहर निकलने पर

147. प्रेमचन्द का वास्तविक नाम था
(1) प्रेमचन्द वर्मा (2) धनपत कुमार
(3) धनपत राय (4) धनपति राय

148. 'चित्तकोबरा' उपन्यास की लेखिका हैं
(1) मृदुला गर्ग (2) प्रभा खेतान
(3) मैत्रयी पुष्पा (4) अलका सरावगी

149. निम्न में से कौन-सी कृति जयशंकर प्रसाद की है ?
(1) अनामिका (2) पल्लव
(3) कामायनी (4) कुरुक्षेत्र

150. 'उस जनपद का कवि हूँ' कृति के लेखक हैं
(1) नागार्जुन (2) त्रिलोचन
(3) रघुवीर सहाय (4) श्रीकांत वर्मा

mpcareer.in